अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029, भारत

**All India Institute of Medical Sciences**
Ansari Nagar, New Delhi-110029, India

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्



दूरभाष/Phones :(का./Off.): +91-11-26588000, 26594800, 26594805
फैक्स सं./Fax No.: +91-11-26588663, 26588641
Phone (नि./ Res.) +91-11-26594500
ई-मेल/E-mail : director.aiims@gmail.com

आचार्य रणदीप गुलेरिया, पदमश्री
निदेशक

**PROF. RANDEEP GULERIA, Padma Shri**
MD, DM (Pulmonary Medicine), FAMS, FIMSA,
**DIRECTOR**

5-1/2020-हिं.अ.

14.09.2020

# <u>अपील</u>

आज हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हमारे देश के संविधान निर्माण के समय संघ की भाषा का प्रश्न सामने आया कि कोई एक ऐसी भाषा चुनी जाए जो सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करे, तब संविधान सभा ने देश में 14 सितम्बर, 1949 को सर्वाधिक प्रयुक्त भाषा "हिंदी" को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था और तभी से हम प्रति-वर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते आ रहे हैं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली देश का प्रमुख चिकित्सा संस्थान है और यहां के सभी विभागों/अनुभागों/केन्द्रों में हिंदी जानने वाले संकाय-सदस्यगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण पर्याप्त संख्या में हैं। इसलिए हमें अपने दिन प्रतिदिन का अधिकाधिक सरकारी काम-काज हिंदी में ही करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। चूंकि हमारे संस्थान का संबंध सीधे-सीधे आम जनता से है और यहां अधिकतर रोगी हिंदी जानने वाले होते हैं, इसलिए हमारे लिए हिंदी का प्रयोग करना और भी आवश्यक हो जाता है।

आज, इस शुभ अवसर पर, मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि आप अपने सरकारी काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और राजभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और राष्ट्र प्रेम का परिचय दें।

धन्यवाद,

र. गुलेरिया

(डॉ. रणदीप गुलेरिया)

सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र